# प्रेस नोट थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर दिनांक 11.06.2025

## हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा हत्या संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह थाना बेलीपार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 180/25 धारा 103(1), 61(2), 3(5) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त 1. प्रेम निषाद व 2. संजय निषाद को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.06.2025 को वादी के भाई की अभियुक्तों द्वारा जमीन के विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180/25 पंजीकृत किया गया था। दिनांक 10.06.2025 को 01 नफर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

**1**. प्रेम निषाद पुत्र जुगुल निषाद उर्फ युगुल किशोर भरवल थाना बेलीपार गोरखपुर
**2.** संजय निषाद पुत्र रामनारायण निषाद निवासी भरवल थाना बेलीपार गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 180/25 धारा 103(1), 61(2), 3(5) बी0एन0एस0 थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
2. का0 विनोद यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
3. का0 अक्षय चौहान थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
4. का0 जयप्रकाश यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर